# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट(म0प्र0)

क्र. /335/स्था./जिविसेप्रा/2026 बालाघाट, दिनांक 16/04/2026

म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट हेतु बहुउपयोगी वाहन के लिए वाहन चालक की संविदा आधार पर भर्ती की जाना है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | वाहन चालक | 01 |

उपरोक्त विज्ञापित पद हेतु निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करने वाले ईच्छुक अभ्यर्थी अंतिम **दिनांक 30.04.2026** को **शाम–05.00 बजे** तक व्यक्तिगत रूप से या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से अपने आवेदन विहित प्रारूप में स्वप्रमाणित कर वांछित दस्तावेजों सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, बालाघाट के कार्यालय में जमा कर सकतें है या प्रेषित कर सकते है।

उपरोक्त विज्ञापित पद से संबधित जानकारी जिला न्यायालय बालाघाट की आधिकारिक वेबसाईट **https://balaghat.dcourts.gov.in** से अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, बालाघाट के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

**नोटः– अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

**मान0 प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित**

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ★ जिला न्यायालय ★ बालाघाट (म.प्र.)

16/4/26

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जिला–बालाघाट(म0प्र0)

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट(म0प्र0)

क्र. /336/ स्था. / जिविसेप्रा / 2026 बालाघाट, दिनांक 16/04/2026

**संविदा वाहन चालक भर्ती हेतु विज्ञापन**

म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के पत्र क्र. 337 / स्था. / राविसेप्रा / 126 / 26 जबलपुर दिनांक 09.04.2026 में दिए गए निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट हेतु बहुउपयोगी वाहन के लिए संविदा वाहन चालक के पद पर सीधी भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑफलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है।

| | |
|---|---|
| ऑफलाईन आवेदन प्रांरभ होने की तिथि | 16.04.2026 |
| आवेदन करने की अंतिम तिथि | 30.04.2026 को सायं समय–05.00 बजे |
| आवेदन जमा करने का पता | कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर बालाघाट |

आवेदन पत्र दिनांक 16.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 को समय– सायं 05.00 बजे तक भरे जा सकते है आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट तथा जिला न्यायालय बालाघाट की आधिकारिक वेबसाईट https://balaghat.dcourts.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

पद का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | पद का नाम | संख्या | मानदेय |
|---|---|---|---|
| 1 | **संविदा वाहन चालक** | **01** | **12,000** / –रूपये प्रतिमाह (इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार का कोई भत्ता या देयक स्वीकृत नही होगा।) |

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बालाघाट (म.प्र.)

उपरोक्तानुसार मानदेय के आधार पर संविदा वाहन चालक की नियुक्ति के संबंध में निम्नानुसार शर्ते निर्धारित है :–

01. वाहन वाहन चालक की भर्ती निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता आधारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं व्यवहारिक ड्राईविंग परीक्षा सम्मिलित होगी। यह प्रक्रिया माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट द्वारा गठित समिति के माध्यम से संपन्न की जायेगी तथा भर्ती मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी एवं कर्मचारी

(भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम 2009 के नियम 6(2) के अंतर्गत निर्धारित योग्यता एवं शर्तो के अनुसार किया जायेगी।

02. यह संविदा नियुक्ति हेतु अनुबंध प्रारंभ में 02 वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन, अच्छे आचरण और निरंतरता की आवश्यकता के आधार पर तत्पश्चात एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकेगा संविदा अवधि के पश्चात नियमित नियुक्ति या निरंतर सेवा का कोई अधिकार प्राप्त नही होगा।

03. संविदा वाहन चालक की सेवायें संतोषजनक न पाये जाने या अन्य प्रशासनिक स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा किसी भी समय बिना कारण बताये एक माह का नोटिस देकर समाप्त की जा सकेगी। संविदा वाहन चालक भी एक माह का पूर्व नोटिस देकर या एक माह के वेतन के बराबर राशि जमा किया जाकर त्यागपत्र दे सकेगा।

04. संविदा वाहन चालक के कार्यो की समीक्ष समय–समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा और संतोषजनक प्रदर्शन न किये जाने तथा अनुशासन के अनुरूप न पाये जाने पर अनुबंध की निरन्तरता या विस्तार किये जाने के संबंध में विचार किया जा सकेगा।

05. संविदा वाहन चालक की नियुक्ति की संपूर्ण कार्यवाही प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार की जायेगी।

06. संविदा वाहन चालक को एक कलेण्डर वर्ष में 13 दिवस आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी।

**आवश्यक अर्हताएँ :–**

I. अभ्यर्थी को हाई स्कूल(10वीं) कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

II. अभ्यर्थी समस्त प्रकार के वाहन चलाने में निपुण होना चाहिए।

III. शारीरिक रूप से समक्ष होना चाहिए।

IV. अभ्यर्थी के पास स्वयं का जीवित ड्राईविंग लाईसेंस होना चाहिए।

V. अभ्यर्थी पर किसी भी प्रकार के अपराधिक प्रकरण में दोषसिद्ध न हों, इसलिए प्रत्येक अभ्यर्थी को स्वंय द्वारा सत्यापित चरित्र प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

**आयु सीमा –**

1– अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 01.01.2026 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण कर लिया हो एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष होनी चाहिए।

2– आयु संबंधी प्रमाण हेतु केवल हाईस्कूल की अंकसूची/प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का स्पष्ट उल्लेख हों।

**चयन प्रक्रिया –**

संविदा वाहन चालक का चयन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट द्वारा गठित समिति द्वारा व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं व्यवहारिक ड्राईविंग परीक्षा के माध्यम से किया जायेगा एवं समिति का निर्णय अंतिम होगा जिसके संबंध में पृथक से कोई पत्र व्यवहार नही किया जायेगा। साक्षात्कार एवं व्यवहारिक ड्राईविंग परीक्षा हेतु तिथि की जानकारी पृथक से कार्यालय के सूचना बोर्ड पर चस्पा की जायेगी।

**चयन परिणाम :–**

चयन समिति / बोर्ड द्वारा अंतिम रूप से चयनित आवेदकों की चयन सूची एवं प्रतिक्षा सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के सूचना पटल पर तथा जिला न्यायालय बालाघाट की आधिकारिक वेबसाईट https://balaghat.dcourts.gov.in में जारी की जायेगी। एक से अधिक अभ्यर्थी के समान अंक होने की दशा अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता देते हुए सूची तैयार की जायेगी।

16/4/26

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जिला–बालाघाट(म0प्र0)

# आवेदन प्रारूप

## आवेदन पत्र संविदा वाहन चालक हेतु

आवेदन पत्र क्र.–.................(कार्यालयीन उपयोग हेतु)

| पासपोर्ट साईज का नवीन एवं रंगीन फोटो यहॉ चिपकायें |
|---|

प्रति,

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला–बालाघाट(म0प्र0)

1. आवेदक का नाम – श्री / श्रीमती / कु0 ..............................................................................
2. लिंग / SEX (सही खाने में (✓) निशान लगायें) पुरूष / Male [ ]
   स्त्री / Female [ ]
3. पिता / पति का नाम – ..............................................................................
4. जन्म तिथि– ............... दि0 01.01.2026 को आयु ........वर्ष ......... माह ........दिन.........
5. श्रेणी / केटेगरी– अनारक्षित (UR) / अजा(SC) / अजजा(ST) / अपिव(OBC)
   (खाने में उल्लेख करें) [ ]
6. क्या आप मध्यप्रदेश के मूल निवासी है? (हॉ या नही उत्तर दे) ............................
7. स्थाई पता / Permanent Address ..........................................................
   (जिला, प्रदेश एवं पिनकोड सहित) ..........................................................
   ..........................................................
8. पत्राचार, का पता / Correspondence Address .........................................
   (जिला, प्रदेश एवं पिनकोड सहित)..........................................................
9. मोबाईल / फोन नंबर ..........................................................
10. शैक्षणिक योग्यता का विवरण –

| स. क्र. | परीक्षा का नाम | विषय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | श्रेणी | प्राप्तांको का प्रतिशत | बोर्ड / स्कूल / संस्था |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| 3. | | | | | | |

11. ड्रायविंग लाईसेन्स – क्रमांक ................................. जारी होने की दिनांक....................
    वैद्यता दिनांक ..............................
12. अभ्यर्थी पर किसी भी प्रकार के अपराधिक प्रकरण में दोषसिद्ध न हों, इसलिए प्रत्येक अभ्यर्थी को स्वंय द्वारा सत्यापित चरित्र प्रमाण संलग्न करें।

13.अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

14.संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची –

## घोषणा–पत्र

मैं ..........................................आत्मज / आत्मजा / पत्नि ........................................ यह घोषणा करता / करती हूँ कि आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारी तथा विवरण पूर्णतः सत्य है। उपरोक्त जानकारी के लिये मैं स्वयं उत्तरदायी रहूँगां / रहूँगी। जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा। नियुक्ति पश्चात यदि जानकारी गलत पाई जाती है तो नियुक्ति रद्द की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के लिए विभाग को पूर्ण अधिकार होगा।

दिनांक ..................

स्थान ...................

आवेदक के हस्ताक्षर

पूरा नाम ......................................